**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**16.10.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का युवाओं से आहवान–विकसित भारत के निर्माण में करें अपनी ऊर्जा का प्रयोग।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–टांडा और चमियाना की तर्ज पर आईजीएमसी शिमला में शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–मंदिरों के धन को लेकर प्रदेश सरकार की नियत खराब–हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत।
- ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने स्कूल शिक्षा को बताया बच्चों के भविष्य की नींव।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवाओं का आहवान किया है कि वे विकसित भारत के निर्माण में अपनी रचनात्मक उर्जा का प्रयोग करें। राज्यपाल आज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के विधिक अध्ययन संस्थान में आयोजित मॉडल यूनाईटेड नेशन और युवा संसद के उदघाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन विकसित भारत 2047 के अंतर्गत भारतीय युवा एवं खेल मंत्रालय और प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। राज्यपाल ने कहा है कि भारत एक युवा राष्ट्र है और युवाओं की सृजन शक्ति ही भारत को विकसित राष्ट्र बना सकती है।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों द्वारा वैश्विक और राष्ट्रीय मुद्दों के साथ–साथ अपनी लोक संस्कृति और परम्पराओं पर विचार करने पर खुशी व्यक्त की। राज्यपाल ने कहा कि ये सांस्कृतिक चेतना ही हमारे लोकतंत्र की आत्मा है और यही भारत की पहचान भी है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में छात्र संगठनों के बीच हुई झड़पों पर भी चिंता व्यक्त की।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ए.आई.एम.एस.एस. चमियाना और टांडा मैडिकल कॉलेजों में रॉबोटिक सर्जरी की शुरूआत के बाद अब जल्द ही आईजीएमसी शिमला में भी ये सुविधा उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री ने शिमला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आईजीएमसी शिमला में कमला नेहरू अस्तपाल के मरीजों की रोबोटिक सर्जरी के लिए 40 बैड आबंटित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश के अस्पतालों में अत्याधुनिक मशीनरी उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आईजीएमसी में गाइनी की रोबोटिक सर्जरी शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि केएनएच के स्त्री रोग विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जरी के अलावा इलैक्टिव सर्जरी भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीएमसी में रोबोटिक व इलैक्टिव सर्जरी का तीन महीने तक ट्रायल आधार पर प्रयोग किया जाएगा।

## कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि राष्ट्रमण्डल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए उनका विदेश दौरा बेहतरीन और सफल रहा है। पठानिया ने आज शिमला पहुंचने पर कहा कि इस दौरे से जहां उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला वहीं उन्होंने सम्मेलन के दौरान तय विषयों पर अपने विचारों की अभिव्यक्ति भी की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ये दौरा शिक्षाप्रद प्रबुद्ध और ज्ञानवर्धक था जिसका लाभ हमें आगामी समय में मिलेगा। उन्होंने कहा कि वे इस अनुभव का इस्तेमाल प्रदेश हित में करेंगे।

## जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। ये उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को फायदेमंद बताया है।

मण्डी जिला की निवासी ज्योति शर्मा का कहना है कि जीएसटी सुधारों के बाद उन्हें बीमा करवाने में काफी फायदा हुआ है।

***मेरा नाम ज्योति है। मैंने इंश्योरेंस करवाई है जो मुझे पहले बहुत महंगी पड़ रही थी और अब वह बहुत सस्ती पड़ रही है। जीएसटी उत्सव का हमें बहुत फायदा हुआ है इसके लिए मोदी सरकार का बहुत–बहुत धन्यवाद।***

मण्डी शहर के साथ लगते छिपनु गांव के किसान देवराज ने बताया कि उन्हें जीएसटी सुधार के बाद खाद और कीटनाशक काफी सस्ते दामों पर मिल रहे हैं।

***मेरा नाम देवराज है मैंने अपने खेतों के लिए खाद कीटनाशक जो भी खरीदे हैं उसमें पहले ही काफी महंगे पड़ते थे लेकिन अब जो जीएसटी के दरों में जो कटौती हुई है उसे हमारे को बहुत फायदा हो गया इसके लिए मैं धन्यवाद करता हूं मोदी सरकार का और अपनी सेंटर गवर्नमेंट का।***

## पांगी

चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की सेचुनाला पंचायत के चस्क भटोरी वार्ड की सरपंच माधी शर्मा ने उनके वार्ड के लिए सड़क सुविधा तुरंत बहाल करने और राशन की आपूर्ति पहुंचाने की जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से मांग की है। माधी शर्मा ने कहा कि हर वर्ष सितम्बर महीने तक वार्ड में राशन की आपूर्ति हो जाती थी लेकिन अभी तक भी उनके वार्ड में राशन नहीं पहुंचा है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से चस्क भटोरी के लिए सड़क निर्माण करने और राशन की आपूर्ति तुरंत सुनिश्चित करने की मांग की है।

## जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंदिरों के चढ़ावे और सम्पत्ति को लेकर आए प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि अदालत के इस फैसले से कांग्रेस सरकार के मंसूबों पर पानी फिर गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सत्ता सम्भालते ही उसकी नजर मंदिरों के पैसों पर थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से अब सरकार द्वारा मंदिरों से धनराशि वसूलने पर रोक लगेगी और मंदिरों का पैसा श्रद्धालुओं की सुविधा, गौमाता की सेवा और सनातन धर्म के प्रचार पर खर्च हो सकेगा। उन्होंने मंदिरों के पैसे को सूखाश्रय योजना और सुख शिक्षा योजना पर खर्च करने को प्रदेश सरकार की साजिश करार दिया और कहा कि मंदिरों के धन को लेकर मुख्यमंत्री की आरम्भ से ही नियत ठीक नहीं थी।

## अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि स्कूल शिक्षा ही बच्चों का भविष्य बनाने की नींव है क्योंकि घर के बाद स्कूल में ही बच्चों को संस्कार मिलते हैं। अनिरूद्ध सिंह आज शिमला के मशोबरा में एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों की बेहतरी के लिए कार्य करें। अनिरूद्ध सिंह ने ये भी कहा कि शिक्षकों की डांट से बच्चों को फायदा ही होता है। इससे पूर्व उन्होंने ढली में पंचायत के लिए नए भवन

की घोषणा की। उन्होंने ये भी कहा कि आज पूरे कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में एक समान विकास कार्य हो रहे हैं।

**विश्व हिंदू परिषद**

विश्व हिंदू परिषद ने प्रदेश में मंदिरों के सरकारी अधिग्रहण को निरस्त कर इन्हें समाज के अधीन करने की मांग की है। परिषद के प्रांत अध्यक्ष केश्व वर्मा ने आज चम्बा में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि परिषद इस मांग को पूरा करवाने के लिए जल्द ही प्रदेश स्तर पर विशेष अभियान शुरू करेगी और जरूरत पड़ने पर आंदोलन का रास्ता भी अपनाएगी। उन्होंने मंदिरों की आय को लेकर हाल ही में आए प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले का भी स्वागत किया। केशव वर्मा ने कहा कि मंदिरों की आय व चढ़ावे का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि चढ़ावे और आय का उपयोग सिर्फ मंदिर निर्माण या रखरखाव में ही किया जाना चाहिए।

**जागरूकता अभियान**

हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने और स्वच्छ व हरित दिवाली मनाने के संदेश को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में सरकारी स्कूलों में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान आयोजित किए। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज शिमला में कहा कि ये जागरूकता अभियान मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाया गया। प्रवक्ता ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम जनता को प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने के लिए प्रेरित करना था। अभियान के दौरान पोस्टर बनाने, नारा लेखन और भाषण जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को ग्रीन दीपावली के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान युवा प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी कलाकृतियों वे भाषणों के माध्यम से प्रभावशाली संदेश दिए। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए प्रमाणपत्र और पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

**खाद्य सुरक्षा**

जनजातीय जिला किन्नौर में खाद्य सुरक्षा विभाग में पिछले 4 वर्षों से कोई भी नियमित अधिकारी या कर्मचारी तैनात नहीं है। इससे खासकर त्यौहारों के मौसम में जिले में मिलावटी खाद्य सामग्री का खतरा बढ़ गया है। जिला के लोगों की मांग है कि विभाग में स्थायी अधिकारी की नियुक्ति की जाए ताकि दिवाली जैसे त्यौहार के मौके पर लोगों की सेहत से खिलवाड़ न हो।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का युवाओं से आहवान–विकसित भारत के निर्माण में करें अपनी ऊर्जा का प्रयोग।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–टांडा और चमियाना की तर्ज पर आईजीएमसी शिमला में शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–मंदिरों के धन को लेकर प्रदेश सरकार की नियत खराब–हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत।
- ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने स्कूल शिक्षा को बताया बच्चों के भविष्य की नींव।